CATALYST COLLEGE
(A Unit of Vijayam Educational Trust, A registered Non-Profit Charitable Trust)
Affiliated to Patliputra University,Patna

कैटलिस्ट कॉलेज में 'वर्ल्ड ऑटिज्म डे' पर लगाई गई पेंटिंग प्रदर्शनी

ऑटिज्म से पीड़ित 13 वर्षीय कलाकार अमृतांश ने बनाई थी पेंटिंग्स

विजयम एजुकेशनल ट्रस्ट के सिमेज समूह के अंतर्गत संचालित 'कैटलिस्ट कॉलेज में 'वर्ल्ड ऑटिज्म डे' के अवसर पर दिनांक 2 अप्रैल 2022 को एक पेंटिंग प्रदर्शनी 'औसज़्म एंड ऑटिज्म' का आयोजन किया गया | इस कार्यक्रम का आयोजन प्रवृति ट्रस्ट, डॉ॰ आलोक वर्मा फाउंडेशन तथा कैटलिस्ट कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में किया गया | इस अवसर पर 13 वर्षीय कलाकार अमृतांश की बनाई गई पेंटिंग की प्रदर्शनी लगाई गई | अमृतांश बिहार से ही हैं और यह उनकी पहली एकल पेंटिंग प्रदर्शनी थी | इस मौके की खास बात यह रही कि अमृतांश खुद भी ऑटिज्म के शिकार हैं | वो नॉन-वर्वल हैं और आज तक उनके मुँह से एक शब्द तक नहीं निकला है | लेकिन उनकी प्रतिभा देख कर लोग उन्हे दाद दिये बगैर नहीं रह सके | रंगों के माध्यम से अमृतांश ने कैनवास पर ऐसे जादू उकेरे थे कि लोग उनकी कला के कायल हो गए | उन्होने अपनी पेंटिंग का प्रदर्शन गुडगाव एवं दिल्ली में भी किया है | उन्होने अपने पेंटिंग का प्रदर्शन सबसे पहले 'वीउज फ्रोम प्लानेट ऑटिज्म 2019' में इंडिया हैबीटाट सेंटर' में किया था | ऑटिज्म को समर्पित पूरी दुनिया के विभिन्न महत्वपूर्ण प्रतीक चिन्ह आज नीले रंग से ढकें हैं | नीला रंग ऑटिज्म का प्रतीक है | भारत में कुतुबमीनार भी आज के रंग नीले रंग की रोशनी से नहाया हुआ है |

इस अवसर पर दधीचि देह दान समिति द्वारा एक अवेयरनेस ड्राइव का भी आयोजन किया गया | जिसमें छात्रों को नेत्र दान, तथा मृतयोपरांत देह दान के लिए प्रेरित किया गया | इस अवसर पर कैटलिस्ट कॉलेज के निदेशक नीरज अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत किया | इस अवसर पर अंजनी कुमार सिंह (आई॰ए॰एस॰) (निदेशक बिहार म्यूजियम), पद्मश्री विमल जैन, न्यूयार्क अमेरिका से आए श्री सुनील आनंद, श्रीमती अनूप आनंद, डॉ॰ ओम जी, डॉ॰सुभाष, डॉ॰ विभूति, देशबंधु गुप्ता, एस॰डी॰संजय भी मौजूद थे | इस अवसर पर कैटलिस्ट कॉलेज के निदेशक श्री नीरज अग्रवाल को दधीचि देह दान समिति द्वारा कैटलिस्ट कॉलेज के 350 से ज्यादा छात्रों के देह दान के संकल्प पत्र का सर्टिफिकेट भी प्रदान किया गया | इस अवसर पर कैटलिस्ट कॉलेज की सेंटर हेड मेघा अग्रवाल, डीन नीरज पोद्दार, नेहा वर्मा, रोहिणी सिंह एवं कॉलेज के सभी छात्र तथा सभी शिक्षक एवं कर्मचारी भी मौजूद थे |

Pravritti Trust, Dr. Alok Varma Foundation &
Dadhichi Deh Dan Samiti
in association with
CIMAGE Group of Institutions, Patna
दधीचि देहदान समिति बिहार
मृत्यु को